कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी।

बिहार सरकार

email-sdopatnacity@gmail.com
Phone no-0612-2631813

अल्प सूचना

पटना सिटी अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पंचायतों एवं क्षेत्रों में विकास मित्र के रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में कार्य दिवस को ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र से संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

क्र0	गतिविधि	अवधि
01	संबंधित प्रखण्ड/नगर निकाय में आवेदन पत्र प्राप्त	01.11.2022 से 06.11.02022 तक
02	मेधा सूची का प्रकाशन।	10.11.2022
03	आपत्ति प्राप्त करना।	12.11.2022 से 17.11.2022 तक
04	अंतिम चयन समिति का प्रकाशन।	24.11.2022
05	नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण उन्मुखीकरण	29.11.2022

रोजगार बिहार
Web: RojgarBihar.Com

रिक्तियों की विवरणी :–

क्र0	प्रखण्ड/शहरी निकाय	पंचायत/वार्ड का नाम	रिक्तियों की संख्या	जति बहुलता	कोटी आरक्षण
01	पटना सदर	58	01	मेहत्तर	महिला
02	पटना सदर	72	01	चमार	पुरुष
03	दनियावाँ	सलारपुर पंचायत	01	मुसहर	महिला

चयन हेतु अर्हता :–

1. आवेदन की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी। मैट्रिक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेधा सूची के अनुरूप किया जायेगा तथा समान मेधा अंक रहने पर ज्यादा उम्र रहने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन में मैट्रिक या समकक्ष से उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जायेगा। मैट्रिक पास अभ्यर्थी नहीं मिलने पर नन मैट्रिक, नौवीं पास, आठवीं पास, सातवीं पास, छठी पास एवं पांचवी पास का नियोजन किया जा सकेगा।
2. महिलाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर रहने पर भी चयन किया जा सकेगा। वशर्ते वे अक्षर अंचल योजना एवं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़ी हो तथा वे सामाजिक कार्य में प्रगतिशिल सक्रिय हो।
3. महादलित आवेदक की उम्र दिनांक–01.01.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होगी।
4. आवेदक महादलित परिवार से होगा। पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
5. जिस पंचायत/वार्ड समूह (कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जायेगा।

चयन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन विहित प्रपत्र में होना चाहिए। विहित प्रपत्र संबंधित प्रखंड कार्यालय/नगर परिषद/नगर पंचायत कार्यालय, संबंधित नगर निगम तथा अनुमंडल कल्याण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान रिक्ति वाले प्रखण्ड अथवा पटना नगर निगम अंचल क्षेत्र के संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय/शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी नगर निगम का कार्यालय होगा।
3. निर्धारित अवधि की अंतिम तिथि (दिनांक–06.11.2022) तक कार्यालय अवधि (05:00 बजे अपराह्न तक) में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ही स्वीकार किया जाएगा। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन अमान्य होंगे।
4. वैसीं स्थिति जब एक ही शैक्षणिक योग्यता के दो या उससे अधिक आवेदन प्राप्त होगी वैसी स्थिति में जिस आवेदक का उम्र सबसे कम हो (जन्म तिथि के अनुसार) का चयन किया जाएगा।

आवेदन के साथ आवश्यक अनुलग्नक :–

5. (क) मैट्रिक का अंक एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति । नन मैट्रिक के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति। समकक्ष से निर्गत प्रवेश पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति। आठवीं से पांचवीं पास तक के अभ्यर्थियों के विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
   (ख) जाति प्रमाण पत्र (ग) निवास प्रमाण पत्र।
6. प्रत्येक पंचायत एवं कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
7. अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विकास मित्रों का चयन किया जाएगा।

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 1/11/2022
अनुमंडल पदाधिकारी,
पटना सिटी।